DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-------- THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI WEDNESDAY, MAY 21, 2025 ---DATED----------

DDA offers 7.5k flats across city

DDA introduced its third housing scheme of the year, Apna Ghar Awaas Yojana 2025, offering 7,500 residential units in several areas, including Narela, Loknayakpuram and Siraspur. The units are available at 15-20% discount across EWS, LIG, MIG and HIG flats. P6

DDA Launches Year's 3rd Housing Scheme

UP FOR GRABS: Discounts Of 15-20% On Offer

Vibha.Sharma@timesofindia.com

New Delhi: Delhi Development Authority (DDA) on Tuesday introduced its third housing scheme of the year, Apna Ghar Awaas Yojana 2025, offering 7,500 residential units in several areas, including Narela, Loknayakpuram and Siraspur.

The residential units are available at 15-20% discounted rates across various categories, including economically weaker sections (EWS), low income group (LIG), middle income group (MIG) and high income group (HIG) flats. Earlier in Jan, DDA unveiled Sabka Ghar Awaas Yojana 2025 and DDA Shramik Awaas Yojana 2025 at reduced rates.

The registrations for flats under the new scheme will commence at 12pm on May 27 and conclude on Aug 26, subject to possible extensions. People can book on the DDA website after submitting the booking amounts of Rs 50,000 for EWS, Rs 1 lakh for LIG, Rs 4 lakh for MIG, and Rs 10 lakh for HIG flats.

After launching the scheme, lieutenant governor VK Saxena said on Saturday, "In line with Prime Minister's vision, we are working on ensuring that everyone gets to be a homeowner. DDA has introduced many new features to reduce the hurdles in owning a house in Delhi. Initiatives such as a single-window inquiry system on the website, seamless information dissemination to buyers and handing over all property-related and ownership documents to the buyer have significantly improved public trust and confidence in DDA."

LG also unveiled a specialised chat-bot service for DDA housing schemes. According to officials, this service will provide numerous benefits to the public, including round-the-clock citizen support, improved communication and public transparency, offering continuous assistance regarding the housing schemes, applications and allotment inquiries. DDA vice-chairman N Saravana Kumar was also present on the occasion.

The residential units offered included 564 LIG flats in Siraspur and 150 LIG and 96 MIG flats in Loknayakpuram. In Narela, the available units consist of 694 EWS, 5,384 LIG, 386 MIG and 226 HIG flats. There will be a 25% discount on the LIG flats at Loknayakpuram, Narela and Siraspur, and a 15% discount on EWS, MIG and HIG flats in Narela and MIG flats in Loknayakpuram.

Officials confirmed that the new scheme welcomed all Indian citizens aged 18 or above, operating on a first-come, first-serve basis. "DDA has implemented several buyer-friendly measures over recent years, including an integrated online inquiry portal, enhanced communication with purchasers and comprehensive transfer of property documentation. These steps have strengthened public confidence in the organisation, said officials.

"After being in red for over a decade, DDA made a surplus of Rs 1,371 crore at the end of the financial year 2024-25, primarily on account of the unprecedented sale of housing units across all categories at various locations. We have done development works in Narela and invested in various projects to ensure more and more people settle here," an official said.

APNA GHAR AWAS YOJANA 2025

- 7,500 HIG, MIG, LIG and EWS houses up for sale in Lok Nayak Puram, Siraspur and Narela
- Indian citizens aged 18 years or above can buy flat on first-come-first-serve basis
- Flat booking will open from May 27 at 12 noon
- Scheme will close on Aug 26
- Registration can be done online on DDA website
- 25% discount on LIG flats at all three locations
- 15% discount on EWS, MIG and HIG flats in Narela and MIG flats in Lok Nayak Puram
- These will be ready-to-move-in flats with clear title and assured quality

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------ THE TIMES OF INDIA, NEW DELHI WEDNESDAY, MAY 21, 2025 -----DATED-----------------

Waterbody encroachment: NGT seeks report from authorities

New Delhi: National Green Tribunal has issued notices to Delhi govt, Delhi Development Authority, environment department, Delhi Jal Board, Municipal Corporation of Delhi, district magistrate of North Delhi and Delhi Pollution Control Committee over the encroachment of a waterbody in Narela.

A resident filed a plea in the tribunal, claiming that the waterbody was encroached upon and no attempt was made to rejuvenate it. The applicant claimed that the waterbody was referred to in the revenue record. The counsel for the applicant also referred to the communication sent by DDA to the director planning for the beautification of the pond.

"Applicant has also placed on record the communication dated July 13, 2022, sent by the member secretary, Wetland Authority of Delhi, to the superintending engineer, waterbodies, DDA, with a request to revive and develop the pond and submit the report," said the tribunal. It added that the grievance was that despite the said communication, no steps were taken by the authorities concerned for removing the encroachment from the waterbody and for its rejuvenation.

"The original application raises a substantial issue relating to the compliance with environmental norms," said the bench headed by Justice Prakash Shrivastava in an order on May 19. The bench has asked the respondents to submit a report on the matter, which will now be heard on Aug 18. TNN

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- **THE INDIAN EXPRESS,** WEDNESDAY, MAY 21, 2025

DDA launches new housing scheme, open to all

EXPRESS NEWS SERVICE
NEW DELHI, MAY 20

THE DELHI Development Authority (DDA) on Tuesday launched a new housing scheme, under which 7,500 flats would come up for sale at Narela, Loknayak Puram, and Siraspur.

The scheme, 'DDA Apna Ghar Awaas Yojana 2025', was launched by Lieutenant Governor V K Saxena. The DDA is offering these flats at a discount ranging from 15%-25%. Also, anyone above the age of 18 can buy these flats on a first-come-first-serve basis, the agency said in a statement.

Two DDA housing schemes launched earlier this year – DDA Sabka Ghar Awaas Yojana and DDA Shramik Awaas Yojana – had offered flats at a discounted rate for only certain sections, such as construction workers and autorickshaw drivers, among others.

In Siraspur, 564 low income group (LIG) flats will be built, with each flat costing between Rs 13.3 lakh and Rs 13.6 lakh.

In Loknayak Puram, 150 LIG flats will come up, with each flat costing between Rs 20.24 lakh and Rs 21.35 lakh. Also, 96 middle income group (MIG) flats are to come up at Loknayak Puram, each to cost between Rs 1 crore and Rs 1.04 crore.

In Narela, Economically Weaker Sections (EWS), LIG and MIG, even High Income Group (HIG) flats will come up, each costing between Rs 10 lakh and Rs 1.47 crore. While bookings under the scheme will begin on May 25, it will close on August 26.

Demand for DDA flats at Narela has picked up, the agency said. Developments like the Cabinet approving the Rithala-Narela-Kundli corridor of Delhi Metro, and universities planning to set up campuses, "have played a catalytic role in making Narela a preferred choice of buyers", it added.

APNA GHAR AWAAS YOJANA 2025

LOCALITY	CATEGORY	AREA*	PRICE**
Siraspur	LIG	35.76-36.39	13.3-13.6
Loknayak Puram	LIG	42-44.46	20.24-21.35
Loknayak Puram	MIG	134.2-140.5	100-104.6
Narela	EWS	34.76-62	10-27.9
Narela	LIG	33.25-49.9	10.5-21.2
Narela	MIG	112-140.5	85.1-102.7
Narela	HIG	160.3-186.7	120-147

** in sqm ** in lakh ₹ after discount*

Hindustan Times
NEW DELHI
WEDNESDAY, MAY 21, 2025

DDA launches new housing scheme, 7,500 flats on offer

'Flats on discount'

	Narela	Siraspur	Loknayakpuram
LIG flats	5,384	564	150
MIG	386	—	96
HIG	226	—	—
EWS	694		—

WHO CAN BUY
- Open to all Indian citizens
- For those aged 18+
- On a first-come, first-served basis
- **May 27, 12pm:** Booking begins, to end on August 26

Snehil Sinha
snehil.sinha@hindustantimes.com

NEW DELHI: The Delhi Development Authority (DDA) on Tuesday launched a new housing scheme — Apna Ghar Awaas Yojana 2025 — offering 7,500 discounted flats across Narela, Loknayakpuram and Siraspur for various income groups.

These flats are available under the Economically Weaker Sections (EWS), Low Income Group (LIG), Middle Income Group (MIG), and High Income Group (HIG) categories.

The scheme is "open to all" Indian citizens aged 18 years or older, with bookings on a first-come, first-served basis starting from May 27 and closing on August 26, unless extended.

Booking amounts have been set at ₹50,000 for EWS flats, ₹1 lakh for LIG, ₹4 lakh for MIG, and ₹10 lakh for HIG.

The flats include 564 LIG units in Siraspur, 150 LIG and 96 MIG units in Loknayakpuram, and 694 EWS, 5,384 LIG, 386 MIG and 226 HIG units in various pockets of Narela. DDA is offering a 25% discount on LIG flats at all three locations and a 15% discount on flats in all other categories.

Launching the scheme, Lieutenant Governor VK Saxena said the initiative is in line with Prime Minister Narendra Modi's vision of making every citizen a homeowner.

He said DDA had introduced several new features to reduce the hurdles in home ownership and called it another major opportunity for the people. A dedicated 24/7 chatbot for queries and support has also been launched to improve buyer experience.

Officials said this is the third major scheme launched this year after Sabka Ghar Awaas Yojana 2025 and Shramik Awaas Yojana 2025. DDA's recent efforts, such as a single-window system and streamlined documentation, have led to improved public confidence. The agency posted a surplus of ₹1,371 crore in 2024-25, driven by strong housing sales.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । बुधवार, 21 मई 2025 ED-----------

दिल्ली में घर बनाने का एक और मौका

डीडीए ने लॉन्च की 7500 फ्लैट्स की अपना घर आवास योजना 2025

एचआईजी, एमआईजी और एलआईजी फ्लैट्स फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व बेस पर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली में अपना घर बनाने का मौका मिल रहा है। मंगलवार को एलजी वीके सक्सेना ने डीडीए की अपना घर आवास योजना-2025 लॉन्च कर दी है। स्कीम में एचआईजी, एमआईजी और एलआईजी के 7500 फ्लैट्स शामिल किए गए है। सभी फ्लैट्स फर्स्ट कम फर्स्ट सर्व बेस पर बुक करवाए जा सकेंगे। हाउसिंग स्कीम के लिए एलजी ने डेडिकेटेड चैट बोट सर्विस भी लॉन्च की।

इससे पूर्व 2025 में डीडीए ने सबका घर आवास योजना और डीडीए श्रमिक आवास योजना शुरू की थी। दोनों स्कीमों को काफी सफलता मिली। डीडीए की नई स्कीम में कोई भी भारतीय नागरिक अप्लाई कर सकता है। उसकी उम्र 18 साल या इससे बड़ी होनी चाहिए। डीडीए से मिली जानकारी के अनुसार लोकनायकपुरम, सिरसपुर और नरेला में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी के फ्लैट्स शामिल है।

डीडीए के अनुसार बीते दो सालों से डीडीए के फ्लैट्स की मांग आम लोगों में बढ़ गई है। इसकी वजह यह है कि एलजी ने कई कदम उठाए है जिससे खरीददारों का भरोसा बढ़ा है। जैसे वेबसाइट पर सिंगल विंडो इंक्वॉयरी सिस्टम, खरीदारों के लिए एक ही जगह सभी जानकारियां देना, ओनरशिप डाक्युमेंटेशन में बदलाव आदि।

डीडीए के अनुसार चेट बोट सर्विस से लोगों को 24 घंटे और सातों दिन फायदा मिलेगा। इससे लोग हाउसिंग स्कीम, आवेदन और अलॉटमेंट संबंधित सवाल के जवाब हासिल कर सकेंगे। 2024-25 में डीडीए कई सालों बाद 1371 करोड़ के सरप्लस रेवेन्यू में गई है। इसकी सबसे बड़ी वजह हाउसिंग स्कीमों को मिली सफलता ही रही है। डीडीए ने नरेला सबसिटी में इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार किया है। एजुकेशन हब, ऑल यूनिवर्सिटी कैंपस, प्रस्तावित इंटरनैशनल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, इंस्टिट्यूट्स, कोर्ट कॉम्प्लेक्स, पुलिसिंग और कनेक्टिविटी को भी बढ़ाया गया है। इसके साथ ही रिठाला-नरेला-कोंडली का फाउंडेशन स्टोन भी रखा गया।

कहां-कहां और कितने के हैं फ्लैट्स

कहां	कैटेगिरी	कितने	कीमत
सिरसपुर	एलआईजी	564	13.3 से 13.6 लाख
लोकनायकपुरम	एलआईजी	150	20.24 से 21.35 लाख
लोकनायकपुरम	एमआईजी	96	1 से 1.4 करोड़
नरेला	ईडब्ल्यूएस	694	10 से 27.70 लाख
नरेला	एलआईजी	5373	10.50 से 21.21 लाख
नरेला	एमआईजी	386	85.1 लाख से 1.2 करोड़
नरेला	एचआईजी	226	1.20 से 1.47 करोड़

नोट : ये कीमतें डिस्काउंट के बाद की हैं।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS- हिन्दुस्तान नई दिल्ली बुधवार 21 मई 2025 -DATED-

डीडीए की नई आवास योजना लॉन्च

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। दिल्लीवालों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) की 7,500 फ्लैटों की अपना घर आवास योजना 2025 शुरू हो गई। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने मंगलवार को इस योजना को लॉन्च किया।

इस योजना के लिए फ्लैटों की बुकिंग प्रक्रिया डीडीए की वेबसाइट पर 27 मई दोपहर से शुरू हो रही है। यह योजना 26 अगस्त को समाप्त हो जाएगी। डीडीए प्रशासन ने पहले आओ, पहले पाओ की तर्ज पर यह आवास योजना लॉन्च की है। इसमें सिरसपुर में 564 एलआईजी फ्लैट, लोकनायकपुरम में 150 एलआईजी फ्लैट और 95 एलआईजी फ्लैट शामिल हैं। बाकी सभी फ्लैट नरेला के विभिन्न सेक्टरों में उपलब्ध हैं। जिसमें ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैट शामिल हैं।

ईडब्ल्यूएस फ्लैटों की बुकिंग के लिए 50 हजार रुपये, एलआईजी के लिए एक लाख रुपये, एमआईजी के लिए चार लाख रुपये और एचआईजी के लिए दस लाख रुपये तय किया गया है। इस आवास योजना के लिए चौबीस घंटे चलने वाली चैट-बॉट सेवा भी शुरू की गई है। इस चैट-बॉट के जरिये खरीदार आवेदन से जुड़ी समस्या का समाधान पा सकते हैं।

02 मई की दोपहर से ऑनलाइन बुक करा सकेंगे फ्लैट

एलआईजी फ्लैटों पर छूट

डीडीए अधिकारियों के अनुसार लोकनायकपुरम, सिरसपुर और नरेला में 25 फीसदी तक एलआईजी फ्लैटों पर छूट मिलेगी। नरेला में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैटों पर 15% तक की छूट मिलेगी।

यमुना डूब क्षेत्र में बने ढांचे को ध्वस्त किया

नई दिल्ली। पूर्वी दिल्ली के चिल्ला गांव के पास यमुना खादर में अवैध ढांचों को मंगलवार को डीडीए ने ध्वस्त कर दिया। डीडीए ने यमुना डूब क्षेत्र में अवैध रूप से बनाए गए श्मशान और कब्रिस्तान के ढांचे पर बुलडोजर चलाकर कार्रवाई की।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS---- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 21 मई, 2025 ----DATED----

दिल्ली सरकार के खस्ताहाल स्विमिंग पूल से 7,800 बच्चों का प्रशिक्षण अधर में

स्विमिंग पूलों की सफाई और स्टाफ की कमी के कारण शुरू नहीं हो रहीं प्रतियोगिताएं

लोकेश शर्मा • जागरण

नई दिल्ली: राजधानी दिल्ली में शिक्षा विभाग की लापरवाही का खामियाजा उन विद्यार्थियों को उठाना पड़ रहा है, जो तैराकी में भविष्य बनना चाहते हैं, क्योंकि दिल्ली सरकार के 26 स्विमिंग पूलों की स्थिति खस्ताहाल है या इसमें सुविधाओं का अभाव। इस वजह से हर वर्ष अप्रैल में में शुरू होने वाली स्विमिंग पूल की प्रतियोगिताएं व कैंप अब तक शुरू नहीं हुए हैं, जबकि हर वर्ष ये अप्रैल से ही शुरू हो जाते हैं। इन स्विमिंग पूलों की स्थिति को सुधारने के लिए शिक्षा विभाग की खेल शाखा ने न तो कोई पूर्व की तैयारी की और न ही इसमें कोई रुचि दिखाई। इस मामले को लेकर शिक्षा निदेशालय की निदेशक वेदिता रेड्डी से फोन और मेसेज के जरिये बात करने की कोशिश की गई, लेकिन उन्होंने दोनों का ही जवाब नहीं दिया।

दिल्ली में प्रत्येक स्विमिंग पूल पर लगभग 300 बच्चे अभ्यास करते हैं। इस तरह कुल मिलाकर 7,800 बच्चों का प्रशिक्षण अधर में है। इन कैंपों के ज़रिये बच्चों का चयन इंटर स्कूल गेम्स, दिल्ली स्टेट गेम्स, ओपन सीनियर गेम्स, स्कूल नेशनल्स और सीनियर नेशनल्स तक के लिए होता है। ऐसे में इन पूलों पर प्रतियोगिताओं का समय पर संचालन न होने से इन बच्चों का भविष्य अधर में है, जबकि इससे इतर दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने निवासियों को गर्मी से राहत देने के लिए शहर भर में स्विमिंग पूल और समर कैंप चालू कर दिए हैं। प्राधिकरण सार्वजनिक स्विमिंग पूल वाले 17 खेल परिसरों के नेटवर्क का प्रबंधन करता है तथा नई अनुमति प्राप्त करने के बाद यहां कैंप शुरू हो गए हैं। इनमें साकेत स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, यमुना स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, जसोला स्थित नेताजी सुभाष स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, द्वारका स्पोर्ट्स कांप्लेक्स सेक्टर-11, रोहिणी स्पोर्ट्स कांप्लेक्स, मेजर ध्यानचंद स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और हरि नगर स्पोर्ट्स कांप्लेक्स आदि जगहों पर कैंप चालू हो गए हैं, लेकिन शिक्षा विभाग के अधीन आने वाले दिल्ली सरकार के 26 स्विमिंग पूल पर प्रतियोगिताए शुरू नहीं हुई हैं।

मंगोलपुरी के सी ब्लाक के सर्वोदय कोएड विद्यालय के स्विमिंग पूल के पानी में जमी काई, जिससे इसमें तैराकी सीखने वालों को हो सकता है संक्रमण • जागरण

स्विमिंग पूलों पर प्रतियोगिताएं न शुरू होने का मुख्य कारण सफाई और प्रशिक्षित स्टाफ की भारी कमी है। एक जीवन रक्षक गार्ड ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि पहले छत्रसाल स्टेडियम स्थित स्पोर्ट्स ब्रांच में एक अनुभवी खिलाड़ी के नेतृत्व में काम होता था, लेकिन जब से सतपाल सिंह के हाथों से कमान हटाई गई है, स्वीमिंग पूल की देखरेख में लापरवाही बढ़ गई है।

दिल्ली विकास प्राधिकरण ने 17 खेल परिसरों में शुरू किए कैंप, लेकिन दिल्ली सरकार के पूलों पर अब तक नहीं हुए शुरू

जनकपुरी, मंगोलपुरी और शाहदरा के कुछ छात्रों ने बताया कि वे कई माह से पूल पर प्रतियोगिता शुरू होने का इंतजार कर रहे हैं, लेकिन अब लगने लगा है कि शायद यह प्रतियोगता इस वर्ष शुरू ही नहीं होगी। दूसरे विभाग स्विमिंग पूल का प्रशिक्षण दे रहे हैं, लेकिन वे काफी महंगे और घर से दूर हैं, जबकि यह स्विमिंग पूल घर के पास है। छात्रों का कहना है कि इस समय केवल सात कोच हैं, जबकि इनके संचालन के लिए कई गुना अधिक प्रशिक्षकों की आवश्यकता है। एक कोच ने बताया कि अगर पूल पर प्रतियोगिता अचानक शुरू भी कर दी जाए तो सुरक्षा के लिहाज से बड़ी चूक हो सकती है। नियमों और मानकों की अनदेखी के चलते किसी की जान पर बन सकती है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------- नई दिल्ली, 21 मई, 2025 दैनिक जागरण ED----------------------

नालों की सफाई को 'आपरेशन मिशन'

जागरण संवादादाता,नई दिल्ली : नालों की सफाई और वर्षा में जलभराव को रोकने के लिए दिल्ली नगर निगम ने अपने कार्य के लिए आपरेशन मिशन नाम दिया है। इसके तहत दिल्लीभर के एमसीडी के अधीन आने वाले नालों को समय से पहले साफ किया जाएगा। इसको लेकर निगमायुक्त अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में अंतर-विभागीय बैठक निगम मुख्यालय में हुई। इसमें न केवल एमसीडी, पीडब्ल्यूडी, दिल्ली जल बोर्ड, डीडीए, दिल्ली मेट्रो रेल निगम, दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम (डीएसआईडीसी), उत्तर रेलवे, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग सहित प्रमुख एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए।

नालों की सफाई की समीक्षा के लिए सिविक सेंटर में अंतर विभागीय बैठक की अध्यक्षता करते निगमायुक्त अश्वनी कुमार और बैठक में मौजूद नगर निगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी • सौजन्यः नगर निगम

निगम के अनुसार बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना, जलभराव की समस्याओं पर चर्चा करना और पूरे शहर में नालों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करना था। बैठक इस बात पर भी केंद्रित रही कि सभी एजेंसियों के बीच सहयोग मजबूत रहे। साथ ही पूर्व वर्षों की चुनौतियों की समीक्षा कर मानसून की तैयारियों को और अधिक कारगर बनाना था। सभी 12 जोन के चिह्नित जलभराव स्थलों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। सूत्रों के अनुसार नालों की सफाई के लिए चल रहे कार्यों की प्रगति रिपोर्ट ली गई। साथ ही जहां पर कोई अंतर-विभागीय समस्या आ रही है उसके लिए चर्चा की गई। सभी विभागों के प्रमुखों ने किए जा रहे कार्यों की जानकारी भी दी।

नालों की त्वरित सफाई, जलभराव वाले स्थानों की पहचान और जल निकासी के लिए समाधान पर चर्चा हुई। जलभराव होने पर अंतर विभागीय समन्वय कैसे हो, इस पर चर्चा हुई। इसका उद्देश्य जलभराव संभावित क्षेत्रों में आपातकालीन टीमें और मशीनें व उपकरण तैनात करना था। बैठक में अश्वनी कुमार ने मानसून से पहले की तैयारी, समय पर समन्वय और सभी विभागों के बीच साझा जवाबदेही की महत्ता को रेखांकित किया। जलभराव से निपटने के सभी एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और सक्रिय क्रियान्वयन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि निगम हो रहे कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी करेगा, समय-समय पर समीक्षाएं होगी और सभी विभागों के बीच समयबद्ध समन्वय सुनिश्चित करेगा। नागरिकों से भी आग्रह किया गया है कि वे जलभराव या नालों की सफाई से संबंधित किसी भी समस्या की सूचना एमसीडी हेल्पलाइन या एमसीडी 311 एप के माध्यम से दें।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------ नई दिल्ली, 21 मई, 2025 दैनिक जागरण

एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित होंगे राजधानी के दो आइएसबीटी

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: दिल्ली सरकार आनंद विहार और सराय काले खां के आइएसबीटी को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित किया जाएगा। आइएसबीटी पर खाने पीने की वस्तुओं से लेकर यात्रियों के आवागमन तक हर सुविधा बेहतर की जाएगी। समतल एस्केलेटर लगाए जाएंगे, जिसमें लोग चलने की जगह खड़े-खड़े एक जगह से दूसरी जगह पहुंच सकेंगे। बसों में सवारी बैठाने के लिए तेज आवाज लगाकर सवारियां बैठाने की अनुमति नहीं होगी। आइएसबीटी पर तकनीक का अधिक उपयोग किया जाएगा।

बसों के लिए छह मंजिला पार्किंग के साथ इन्हें कमर्शियल हब के रूप में विकसित करने की योजना है। इससे सरकार को भी राजस्व प्राप्त होगा। परिवहन विभाग और दिल्ली परिवहन ढांचागत विकास निगम (डीटीआइडीसी) ने यह जिम्मेदारी डीएमआरसी को सौंपी है। डीएमआरसी ने इन दोनों आइएसबीटी के पुनर्विकास के लिए सलाहकार फर्म की नियुक्ति की थी, जिसने डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) सौंप दी है। रिपोर्ट पर अभी बदलावों के बाद अंतिम फैसला होना है। नई सरकार आने के बाद इस परियोजना को लेकर कई बैठकें हो चुकी हैं। परिवहन आयुक्त ने भी हाल में बैठक की है। इसे पीपीपी (पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप) माडल के तहत बनाया जाएगा, जिसमें सरकार का पैसा नहीं लगेगा, लेकिन राजस्व मिलेगा।

आनंद विहार आइएसबीटी 22 एकड़ और सराय काले खां आइएसबीटी 32 एकड़ में फैला हुआ है। इनके पुनर्विकसित किए जाने की योजना पर पिछले कई वर्षों से काम चल रहा है। पूर्व में इनके लिए डिजाइन भी बनाए गए, लेकिन योजना सिर्फ कागजों में ही बनकर रह गई। भाजपा सरकार आने के बाद अब इन परियोजनाओं के परवान चढ़ने की उम्मीद जगी है। इस परियोजना को लेकर अभी डीडीए से एफआर बढ़ाने सहित इंस्टीट्यूशनल लैंड में कमर्शियल गतिविधि की मंजूरी लेनी है। वैसे इस कार्य में कोई अड़चन भी नहीं है।

आनंद विहार और सराय काले खां आइएसबीटी से दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड आदि राज्यों के लिए बसें चलती हैं। इन दोनों आइएसबीटी से प्रतिदिन सैकड़ों बसों का संचालन होता है। इन दोनों जगहों पर अंतरराज्यीय बस अड्डे के अलावा रेलवे स्टेशन और मेट्रो स्टेशन भी मौजूद हैं। सराय काले खां में पिंक लाइन मेट्रो का भूमिगत स्टेशन भी है। रैपिड रेल से भी कनेक्टिविटी है। इसे टीओडी के तहत विकसित किया जाएगा, जहां पर्यावरण अनुकूल वाकवे द्वारा आरआरटीएस, मेट्रो, आइएसबीटी और रेलवे स्टेशनों में बिना रुके प्रवेश सुनिश्चित होगा।

- आनंद विहार और सराय काले खां आइएसबीटी पर खान-पान व आवागमन की सुविधाएं बढ़ेंगी
- बसों में सवारी बैठाने के लिए तेज आवाज लगाकर सवारियां बैठाने की अनुमति नहीं होगी

सराय काले खां स्थित वीर हकीकत राय अंतरराज्यीय बस अडडा • जागरण

परियोजना के मुख्य बिंदु

- यात्रियों के लिए टिकट एटीएम, प्रतीक्षा सुविधाएं और मनोरंजन क्षेत्र होंगे।
- यहां यात्रियों को रेलवे, मेट्रो, आरआरटीएस, स्थानीय और अंतर राज्यीय बसों सहित कई प्रकार के परिवहन के साधनों के लिए इंतजाम होगा।
- जमीन के एक बड़े हिस्से में शापिंग काम्प्लेक्स, बैंक्वेट हाल, होटल, टैरेस रेस्तरां, कैफे, कार्यालय, छात्र आवास व किराये के आवास और पेशेवरों के लिए आवास की सुविधा भी होगी।

एलजी ने शुरू की 'अपना घर आवास योजना'

राज्य ब्यूरो, जागरण • नई दिल्ली: दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी नई आवास योजना 'अपना घर आवास योजना 2025' की घोषणा कर दी है। एलजी वीके सक्सेना ने मंगलवार को राजनिवास में योजना की विवरण पुस्तिका लांच कर इसकी औपचारिक शुरुआत की। 'सबका घर आवास योजना' और 'श्रमिक आवास योजना' के बाद यह इस साल डीडीए द्वारा शुरू की जाने वाली तीसरी आवास योजना होगी। एलजी ने इन आवास योजनाओं के लिए विकसित एक चैटबाट सेवा भी शुरू की है।

नई योजना में लोकनायकपुरम, सिरसपुर और नरेला में ईडब्ल्यूएस, एलआइजी, एमआइजी और एचआइजी श्रेणी के कुल 7,500 फ्लैट्स हैं। इसकी बुकिंग 27 मई से शुरू होगी। इसमें नरेला में एचआइजी श्रेणी में 226 फ्लैट, नरेला व लोककल्याणपुरम में एमआइजी श्रेणी में 482 फ्लैट हैं। शेष 7,018 फ्लैट ईडब्ल्यूएस और निम्न आय वर्ग (एलआइजी) श्रेणियों के लिए हैं। योजना के तहत नरेला और लोकनायकपुरम में एलआइजी श्रेणी के फ्लैटों पर 25 प्रतिशत व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) और उच्च आय वर्ग (एचआइजी) के फ्लैटों पर 15 प्रतिशत की छूट रहेगी। 15 प्रतिशत छूट के बाद एचआइजी फ्लैटों की कीमत 1.2 करोड़ रुपये से लेकर 1.4 करोड़ रुपये तक है। एमआइजी फ्लैटों के लिए कीमत 86 लाख रुपये से एक करोड़ रुपये के बीच है। स्थान के आधार पर, निम्न आय वर्ग के फ्लैटों में, कीमत सीमा 17 लाख रुपये से 21 लाख रुपये के बीच है। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए कीमत 15 प्रतिशत छूट के बाद 11 लाख रुपये से शुरू होकर 27 लाख रुपये तक है। डीडीए अधिकारियों के अनुसार नई शुरू की गई योजना सभी के लिए खुली है। 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर एक समावेशी और आकर्षक गृहस्वामी अवसर प्रदान करती है।

राजनिवास में 'अपना घर आवास योजना 2025' की विवरण पुस्तिका को लांच करते एलजी वीके सक्सेना, डीडीए के उपाध्यक्ष एन श्रवण कुमार, वरिष्ठ आइएएस आशीष कुंद्रा व अन्य • सौजन्य : राजनिवास

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS– हिन्दुस्तान —— नई दिल्ली, बुधवार, 21 मई 2025

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS------------- दैनिक जागरण नई दिल्ली, 21 मई, 2025 -------DATED---------------------

Where Development Values Nature

घर आएं और खुशियाँ पाएं
बेहतरीन ज़िंदगी, उत्तम कनेक्टिविटी

नरेला, लोकनायकपुरम, सिरसपुर में

ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी फ्लैट्स उपलब्ध हैं

योजना पूरी तरह से ऑनलाइन है।

बुकिंग और रजिस्ट्रेशन के लिए, कृपया देखें:
www.dda.gov.in या https://eservices.dda.org.in

बुक करें अपना फ्लैट

डीडीए अपना घर आवास योजना 2025

20 मई 2025 से आरंभ

मुख्य आकर्षण

- नरेला सब-सिटी बनेगी शिक्षा का केंद्र
- प्रस्तावित दिल्ली मेट्रो और डीटीसी बस सेवाओं से बेहतरीन कनेक्टिविटी
- सैंपल फ्लैट्स उपलब्ध

नरेला जल्द ही जुड़ेगा मेट्रो रेल से

किसी भी क्वेरी के लिए हमारे चैटबॉट का प्रयोग करें

सहायता के लिए, कॉल करें:
1800 110 332

दिल्ली विकास प्राधिकरण

हमें फॉलो करें:
@ddaofficial official_dda official_dda_

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- Hindustan Times, NEW DELHI WEDNESDAY MAY 21, 2025



DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— पंजाब केसरी DELHI — 21 मई, 2025 ▸ बुधवार

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- Pioneer
NEW DELHI | WEDNESDAY | MAY 21, 2025

LG Saxena launches DDA's new housing scheme

PIONEER NEWS SERVICE ■ New Delhi

Delhi Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena on Tuesday launched Delhi Development Authority's (DDA) new housing scheme – 'Apna Ghar Awaas Yojana 2025', following the immense success of the DDA Sabka Ghar Awaas Yojana 2025 and DDA Shramik Awaas Yojana 2025, launched in January 2025, the authority said.

The newly introduced scheme is "open to all" and offers an inclusive and attractive homeownership opportunity to Indian citizens aged 18 years or older, on a first-come, first-serve basis.

It enables buyers to own quality homes in Loknayakpuram, Siraspur, and Narela, across a wide range of categories including EWS, LIG, MIG and HIG flats, DDA said.

Aligned with the vision of Prime Minister Narendra Modi, the Government of India continues to take numerous steps towards a Digital India.

While inaugurating the International Telecommunication Union — World Telecommunication Standardisation Assembly (WTSA) 2024, the Prime Minister said: "We have to ensure that our future is both technically strong and ethically sound, our future should have innovation as well as inclusion".



LG Vinai Kumar Saxena FILE PHOTO

In line with this vision, several innovative measures have been introduced by DDA to help the buyers. Initiatives such as a single-window enquiry system on the website, seamless information dissemination to buyers, and handing over all property related and ownership documents to the buyer have significantly improved public trust and confidence in DDA.

Expanding the narrative of innovation further, Saxena on Tuesday also launched a dedicated Chat-bot service developed for DDA Housing Schemes. This Chat-bot offers many advantages to the public for enhanced buyer experiencewith 24/7 citizen support, better communication and public transparency which provides round-the-clock assistance on housing schemes, applications, and allotment queries.

Having remained in the red for over a decade, DDA has posted an impressive surplus of ₹1,371 crore at the end of financial year 2024-25. The massive surplus this year is primarily on account of the unprecedented sale of housing units across all categories at various locations.

With many projects in the pipeline, Saxena has placed significant impetus on civic infrastructure in the Narela sub-city.

The upcoming Education-Hub with all university campuses, proposed International Sports Complex, institutions, court complex, policing and enhanced connectivity, have played a catalytic role in making Narela a preferred choice of buyers.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NAME OF NEWSPAPERS--- WEDNESDAY, 21 MAY, 2025 | NEW DELHI

Delhi L-G Saxena unveils 'Apna Ghar Awaas Yojana 2025'

DDA housing gets digital push

SURUCHI KUMARI

NEW DELHI: Delhi Lieutenant Governor Vinai Kumar Saxena on Tuesday launched the Delhi Development Authority's (DDA) latest housing scheme — 'Apna Ghar Awaas Yojana 2025' — offering homes to all eligible Indian citizens on a first-come, first-serve basis. The initiative follows the successful roll-out of the Sabka Ghar Awaas Yojana and Shramik Awaas Yojana earlier this year.

The scheme includes flats across all categories — EWS, LIG, MIG, and HIG — in areas such as Loknayakpuram, Siraspur, and Narela. Indian citizens aged 18 and above can apply.

To enhance user experience, L-G Saxena also unveiled a dedicated 24/7 chatbot service for housing queries. The feature aims to increase transparency and improve accessibility by providing round-the-clock assistance on applications, allotments, and other scheme-related details.

In alignment with Prime Minister Narendra Modi's Digital India vision, DDA has also introduced a single-window enquiry system and streamlined documentation processes to boost public trust in its housing efforts. With an surplus of ₹1,371 crore at the close of FY 2024-25, DDA attributes the financial turnaround to record-breaking housing sales under Saxena's leadership.

Narela, in particular, has emerged as a buyer favourite due to ongoing infrastructure projects including an upcoming Education Hub, proposed International Sports Complex, and the Rithala-Narela-Kundli Metro corridor. These developments are expected to further strengthen the sub-city's appeal and connectivity.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY

LIBRARY

PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS--- राष्ट्रीय सहारा -- नई दिल्ली | बुधवार • 21 मई • 2025

ज़लभराव स्थलों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत : निगमायुक्त

नई दिल्ली (एसएनबी)। मॉनसून की तैयारियों को लेकर निगमायुक्त अश्विनी कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को 'ऑपरेशन मिशन' के तहत एक उच्चस्तरीय. अंतर-विभागीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य विभिन्न विभागों और एजेंसियों के बीच समन्वय को मजबूत करना, जलभराव की समस्याओं पर चर्चा करना और पूरे शहर में नालों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करना था। बैठक में लोक निर्माण विभाग, दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली मेट्रो रेल निगम, दिल्ली राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम, उत्तरी रेलवे, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग. सहित प्रमुख एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। इसके अलावा अतिरिक्त आयुक्त जितेन्द्र यादव, प्रमुख अभियंता पीसी मीणा, प्रमुख अभियंता केपी सिंह तथा सभी वरिष्ठ अधिकारी एवं अभियंता बैठक में मौजूद रहे।

निगमायुक्त अश्विनी कुमार ने कहा कि बैठक का मुख्य फोकस विभिन्न एजेंसियों के बीच सहयोग को मजबूत करना और पूर्व वर्षों की चुनौतियों की समीक्षा कर मॉनसून की तैयारियों को और अधिक कारगर बनाना था। उन्होंने सभी 12 ज़ोन के चिन्हित जलभराव स्थलों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया गया। निगमायुक्त ने कहा कि जलभराव से निपटने की सभी एजेंसियों के बीच समन्वय, सहयोग और सक्रिय क्रियान्वयन आवश्यक है। निगम में हो रहे कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी व समय-समय पर समीक्षाएं होगी। सभी विभागों के बीच समयबद्ध समन्वय सुनिश्चित किया जाएगा, ताकि जलभराव की समस्याओं का प्रभावी समाधान हो सके। उपकरण तैनात करना।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS– पंजाब केसरी DELHI 21 मई, 2025 ▸ बुधवार

बुकिंग की सुविधा 27 मई से 27 अगस्त तक रहेगी

एलजी ने लॉन्च की 'डीडीए अपना घर आवास' योजना 2025

नई दिल्ली, (पंजाब केसरी): दिल्ली में अपना घर पाने का सपना देख रहे लोगों के लिए अच्छी खबर है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी अहम आवासीय योजना की शुरुआत कर दी है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को डीडीए की 'अपना घर आवास योजना 2025' लॉन्च कर दी। इसके तहत 27 मई दोपहर 12 बजे से फ्लैटों की बुकिंग शुरू हो जाएगी। बुकिंग की सुविधा आने वाली 27 अगस्त 2025 तक चलेगी। इस योजना के तहत 'पहले आओ- पहले पाओ' आधार पर एचआईजी, एमआईजी, एलआईजी फ्लैट्स बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। एलजी ने राजनिवास में डीडीए उपाध्यक्ष व अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में योजना का ब्रोशर जारी किया किया। इस बारे में अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत आवेदकों को कुल 7500 फ्लैटों की बुकिंग कराने का अवसर मिलेगा। योजना सभी वर्गों के लिए खुली है और 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के भारतीय नागरिकों को पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी श्रेणियों के आकर्षक फ्लैट खरीदने का अवसर मिलेगा। ये फ्लैट्स लोकनायकपुरम, सिरसपुर और नरेला में स्थित है। इस अवसर पर एलजी वीके सक्सेना ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप भारत सरकार डिजिटल इंडिया की दिशा में अनेक कदम उठा रही है। खरीदारों की मदद के लिए डीडीए द्वारा कई अभिनव उपाय शुरू किए गए हैं। वेबसाइट पर एकल खिड़की पूछताछ प्रणाली, खरीददारों तक निर्बाध सूचना का प्रसार व खरीददार को संपत्ति से संबंधित सभी दस्तावेज सौंपने जैसी पहलों से डीडीए के प्रति जनता का विश्वास और भरोसा काफी बढ़ गया है। इस दौरान एलजी ने डीडीए योजनाओं के लिए एक समर्पित चैट-बॉट सर्विस भी शुरू की है ताकि लोगों को सहूलियत रहे। इस चैट-बॉट के जरिए 24 घंटे सातों दिन लोगों को आवास योजनाओं, आवेदनों और आवंटन प्रश्नों के बारे में जानकारी मिलेगी। उन्होंने नरेला सब सिटी में नागरिक बुनियादी ढांचे पर जोर देते हुए कहा कि सभी विश्वविद्यालय परिसरों, प्रस्तावित अंतर्राष्ट्रीय खेल परिसर, संस्थानों, न्यायालय परिसर, पुलिस व्यवस्था और बेहतर कनेक्टिविटी के साथ आने वाले शिक्षा-हब ने नरेला को खरीदारों की पसंदीदा पसंद बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इनके अलावा दिल्ली मेट्रो के रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर की आधारशिला रखने से भी इसका स्थानीय लाभ बढ़ा है।

पहले आओ पहले पाओ आधार पर मिलेंगे 7500 फ्लैट्स

डीडीए ने 2024-25 में हासिल किया 1371 करोड़ का सरप्लस

एलजी वीके सक्सेना के कुशल नेतृत्व में डीडीए की योजनाओं का पूरी पारदर्शिता व बेहतरी के साथ लोगों को लाभ मिल रहा है। उनकी नीतियों के कारण ही एक दशक से अधिक समय तक घाटे में रहने के बाद, डीडीए ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत में 1371 करोड़ रुपये का सरप्लस हासिल किया है। इस वर्ष का बड़ा सरप्लस डीडीए हाउसिंग स्कीम के फ्लैटों की ब्रिकी से प्राप्त हुआ है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

amarujala.com
NAME OF NEWSPAPERS---- नई दिल्ली | बुधवार, 21 मई 2025 DATED---------

श्रम विहार कॉलोनी पर चलेगा बुलडोजर, हाईकोर्ट की अनुमति

अदालत ने कहा- यमुना के पारिस्थितिकी तंत्र को बहाल करना जरूरी

अदालत से

गौरव बाजपेई

नई दिल्ली। हाईकोर्ट ने अबुल फजल एन्क्लेव के श्रम विहार इलाके में अतिक्रमण हटाने की अनुमति दे दी है। अदालत ने कॉलोनी के 14 निवासियों की याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) और अन्य सरकारी निकायों के खिलाफ यमुना नदी के तट पर स्थित अपनी कॉलोनी में तोड़फोड़ रोकने और अवैध बेदखली से सुरक्षा की मांग की थी। न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने याचिका को कानून की प्रक्रिया का दुरुपयोग करार देते हुए प्रत्येक याचिकाकर्ता पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

न्यायमूर्ति धर्मेश शर्मा ने कहा कि याचिकाकर्ताओं के पास जमीन पर स्वामित्व का कोई वैध प्रमाण नहीं है। याचिकाकर्ताओं की कॉलोनी जोन ओ में है। इसलिए पीएम-उदय योजना के तहत नियमितीकरण के लिए पात्र नहीं है। कोर्ट ने एनजीटी के निर्देशों का हवाला देते हुए कहा कि यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र की पारिस्थितिकी को बहाल करने के लिए सभी अतिक्रमणों को हटाना आवश्यक है। कोर्ट ने वर्ष 2024 की याचिका का हवाला देते हुए कहा कि उस समय की याचिका और वर्तमान याचिका में एक ही घर के दो सदस्य शामिल है। जो याचिका की मंशा पर सवाल खड़े करते हैं। यह कानूनी कार्यों में अड़ंगा लगाने जैसा है।

याचिकाकर्ताओं ने किया वैधता का दावा : याचिकाकर्ताओं ने दावा किया कि वे खसरा नंबर 482 और 483 पर स्थित अपनी जमीन पर वैध रूप से काबिज हैं, जो अब श्रम विहार, अबुल फजल एन्क्लेव के नाम से जानी जाती है। उनके पास बिजली बिल, हाउस टैक्स रसीदें और अनरजिस्टर्ड सामान्य शक्ति पत्र (जीपीए), बिक्री समझौते, शपथ पत्र, वसीयत और कब्जा पत्र जैसे दस्तावेज हैं, जो 1996 से 2019 के बीच पूर्व मालिकों द्वारा उनके पक्ष में निष्पादित किए गए थे। यह जमीन 1989 में यमुना नदी के चैनलाइजेशन के लिए दिल्ली के नियोजित विकास के लिए आवंटित की गई थी। उन्होंने दावा किया कि उनकी कॉलोनी दिल्ली सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त 1,731 अनधिकृत कॉलोनियों की सूची में सूचीबद्ध है। कॉलोनी पीएम-उदय योजना के तहत नियमितीकरण के लिए पात्र हैं।



श्रम विहार के यमुना डूब क्षेत्र में किया गया अतिक्रमण। अमर उजाला

मास्टर प्लान 21 में जोन ओ में शामिल है इलाका

डीडीए ने तर्क दिया कि यह कॉलोनी मास्टर प्लान फॉर दिल्ली-2021 के तहत जोन ओ में आती है, जो यमुना नदी के बाढ़ क्षेत्र में है। राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, जोन ओ में सभी अतिक्रमणों को तत्काल हटाना आवश्यक है। डीडीए ने स्पष्ट किया कि याचिकाकर्ताओं की कॉलोनी 1,731 मान्यता प्राप्त अनधिकृत कॉलोनियों की सूची में शामिल नहीं है। नियमों के अनुसार जोन ओ में आने वाली कॉलोनियों को इस योजना के तहत कोई अधिकार या लाभ नहीं दिया जा सकता।

कपड़े लगा कर बनाए हैं अस्थाई शौचालय, यमुना में जा रही गंदगी

कॉलोनी में झुग्गी और पक्के मकान दोनो हैं। झुग्गियों में रहने वालों ने कपड़े लगाकर एक दर्जन से ज्यादा अस्थाई शौचालय बना लिए हैं। इसकी गंदगी सीधे नाले के जरिए आगरा कैनाल में जा रही है। इस दौरान पूरे इलाके में गंदगी फैली हुई दिखाई देती है। वहीं पूरी कॉलोनी में कोई सड़क नहीं है। कई स्थानों पर बांस के खंभों से बिजली के तार गुजारे गए हैं।

यहां से शुरू हुआ विवाद

यह जमीन 2012 में डीडीए द्वारा दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) को कालिंदी कुंज मेट्रो डिपो के निर्माण के लिए हस्तांतरित की गई थी। डीएमआरसी ने दावा किया कि अवैध अतिक्रमण के चलते वह इस जमीन इस्तेमाल नहीं कर पा रहा। 18 सितंबर 2024 को डीएमआरसी ने उपायुक्त को एक नोटिस जारी कर तोड़फोड़ के लिए पुलिस सुरक्षा की मांग की थी। याचिकाकर्ताओं ने इस कार्रवाई को रोकने के लिए अंतरिम राहत की मांग की थी, जिसे अदालत ने अंतिम फैसले में खारिज कर दिया।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

amarujala.com

NAME OF NEWSPAPERS---- नई दिल्ली | बुधवार, 21 मई 2025 -DATED----

राजधानी में अपने घर का सपना होगा साकार

नरेला, लोकनायकपुरम और सिरसपुर के लिए डीडीए की आवासीय योजना लॉन्च

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मंगलवार को डीडीए की अपना घर आवास योजना 2025 लॉन्च की। इस योजना में पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर नरेला, लोकनायकपुरम और सिरसपुर में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी व एचआईजी फ्लैट खरीदने का मौका मिलेगा।

इसमें 7500 फ्लैटों पर 15-25% की छूट दी जा रही है। 27 मई से बुकिंग शुरू होगी जो 26 अगस्त तक चलेगी। योजना के साथ दिन-रात चैट-बॉट सेवा भी शुरू की गई है, जिससे खरीदारों को आसानी से जानकारी मिलेगी। योजना में 18 साल से अधिक उम्र के वे भारतीय नागरिक जिनके पास दिल्ली में कोई आवासीय संपत्ति नहीं है, आवेदन कर सकेंगे। ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आवेदक की आय 10 लाख रुपये सालाना से कम होनी चाहिए। बुकिंग करने पर ईडब्ल्यूएस फ्लैट के लिए 50,000 रुपये, एलआईजी के लिए 1,00,000 रुपये, एमआईजी के लिए 4,00,000 रुपये और एचआईजी के लिए 10,00,000 रुपये का भुगतान करना होगा।

उपराज्योजना लॉन्च करते उपराज्यपाल वीके सक्सेना। अमर उजाला

नरेला में बेहतर सुविधाओं के साथ किफायती फ्लैट

योजना में ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी और एचआईजी श्रेणी के फ्लैट हैं। नरेला को शिक्षा हब, अंतरराष्ट्रीय खेल परिसर, विश्वविद्यालय, कोर्ट और बेहतर पुलिस व्यवस्था के साथ विकसित किया जा रहा है। मेट्रो के रिठाला-नरेला-कुंडली कॉरिडोर से भी इस इलाके की कनेक्टिविटी मजबूत होगी। एलजी ने डीडीए से नरेला में तेजी से बुनियादी सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए हैं।

चैट-बॉट सर्विस से दिन-रात मिलेगी मदद

प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के विजन को ध्यान में रखते हुए डीडीए ने खरीदारों के लिए खास चैट-बॉट सेवा शुरू की है। यह सर्विस दिन-रात सवालों के जवाब व आवेदन-आवंटन की जानकारी देगी और पारदर्शिता बढ़ाएगी। डीडीए की वेबसाइट www.dda.org.in पर सिंगल-विंडो सिस्टम और आसान होम लोन विकल्प उपलब्ध हैं। खरीदार हेल्पलाइन नंबर 1800-011-0332 या विकास सदन में डीडीए अधिकारियों से इस बारे में संपर्क कर सकते हैं।

जलभराव से निपटने के लिए बनाई रणनीति

अमर उजाला ब्यूरो

ऑपरेशन मिशन के तहत एमसीडी की बैठक, सभी विभागों के बीच हुआ मंथन

नई दिल्ली। एमसीडी ने मानसून से पूर्व तैयारियों के मद्देनजर आयुक्त अश्वनी कुमार की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय अंतर-विभागीय बैठक की। ऑपरेशन मिशन के तहत आयोजित इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल को सशक्त करना, जलभराव की समस्याओं पर चर्चा करना और शहरभर में नालों की प्रभावी सफाई सुनिश्चित करना था।

पिछले वर्षों की चुनौतियों की समीक्षा करते हुए इस बार की तैयारियों को अधिक कारगर बनाने की दिशा में ठोस रणनीति पर चर्चा हुई। आयुक्त अश्वनी कुमार ने कहा, जलभराव से निपटना सभी एजेंसियों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने नालों की त्वरित और समग्र सफाई, चिह्नित जलभराव स्थलों पर निगरानी बढ़ाने, आपातकालीन टीमें और आवश्यक उपकरणों की तैनाती के निर्देश दिए। इसके साथ ही वर्षा के दौरान वास्तविक समय में कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए तकनीक के व्यापक उपयोग और केंद्रीकृत संचार व्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया गया।

सभी एजेंसियों से जलभराव संभावित स्थलों की सूची साझा करने और उन पर पूर्व से ही समाधानात्मक कार्रवाई करने को कहा गया। एमसीडी ने स्पष्ट किया कि कार्यों की प्रगति की नियमित निगरानी की जाएगी और समय-समय पर इसकी समीक्षा की जाएगी। एमसीडी ने नागरिकों से भी अपील की कि वे जलभराव या नालों की सफाई संबंधी समस्याएं एमसीडी हेल्पलाइन या एमसीडी 311 एप्प के माध्यम से साझा करें।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, जल बोर्ड, डीडीए, दिल्ली मेट्रो रेल निगम, दिल्ली शहरी आश्रय सुधार बोर्ड, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, डीएसआईडीसी व उत्तरी रेलवे सहित सभी प्रमुख एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS-- Pioneer

NEW DELHI | WEDNESDAY | MAY 21, 2025

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

NAME OF NEWSPAPERS— millenniumpost WEDNESDAY, 21 MAY, 2025 | NEW DELHI